| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "A" Does one thing with the intention of causing wrongful gain to himself and wrongful loss to 'B'. Under which Section of The Indian Penal Code 1860, he is said to do that thing "Dishonesty" | Section 21 | Section 22 | Section 23 | Section 24 |
| 1 | "क" एक कार्य इस आशय से करता है की उसे सदोष लाभ कारित हो और "ख" को सदोष हानि करित हो. भारतीय दण्ड संहित 1860 की किस धारा के अधीन यह कहा जाएगा की उसने उस कार्य को "बेईमानी" से किया? | धारा 21 | धारा 22 | धारा 23 | धारा 24 |
| 2 | A' and 'B' are joint jailors and as such they have the charge of 'C' a prisoner, alternatively for six hours at a time. 'A' and 'B' intending to cause death of 'C' knowingly co-operate in causing that effect by illegally omitting, each during the time of his attendance to furnish 'C' with food supplied to them for that purpose. 'E' dies of hunger. As per which section of the Indian Penal Code 1860, both 'A' and 'B' are guilty of the murder of 'C' | Section 35 | Section 36 | Section 37 | Section 38 |
| 2 | "क" और "ख" संयुक्त जेलर है और अपनी उस हैसियत से वे एक कैदी "ग" का बारी बारी से एक समय मे छह घंटे के लिए संरक्षण-भार रखते है. "ग" को दिए जाने के प्रयोजन से जो भोजन "क" और "ख" को दिया जाता है, वह भोजन इस आशय से की "ग" की मृत्यु कारित करने मे जानते हुए सहयोग करते है. "ग" भूख से मर जाता है. भारतीय दण्ड संहिता 1860 ,की किस धारा के अनुसार "क" और "ख" दोनों "ग" की हत्या के दोषी है? | धारा 35 | धारा 36 | धारा 37 | धारा 38 |
| 3 | As per which section of the Indian Penal Code 1860, nothing is said to be done or believed in 'Good Faith' which is done or believed without due care and attention. | Section 49 | Section 50 | Section 51 | Section 52 |
| 3 | भारतीय दण्ड संहिता 1860, की किस धारा के अनुसार कोई बात "सद्भाव पूर्वक " की गई या विश्वास की गई नहीं कही जाती जो सम्यक सतर्कता और ध्यान के बिना की गई या विश्वास की गई हो? | धारा 49 | धारा 50 | धारा 51 | धारा 52 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | As per Which Section of Indian Penal Code 1860, imprisonment, as one of the punishment to which offenders are liable under the provisions of this code are of two descriptions, namely : (1) Rigorous, that is, with hard labour, and (2) Simple? | Section 53 | Section 54 | Section 55 | Section 56 |
| 4 | भारतीय दण्ड संहिता 1860, की किस धारा के अनुसार इस संहिता के उपबन्धों के अधीन अपराधी जिन दण्डो से दण्डनीय है उनमे से एक कारावास, दो भांति का है. अर्थात : (1) कठिन, अर्थात कठोर श्रम के साथ, और (2) सादा ? | धारा 53 | धारा 54 | धारा 55 | धारा 56 |
| 5 | As per which section of the Indian Penal Code 1860, the term for which the court directs the offender to be imprisoned in default of payment of a fine shall not exceed one-fourth of the term of imprisonment which is the maximum fixed for the offence, if the offence be punishable with imprisonment as well as fine? | Section 64 | Section 65 | Section 66 | Section 67 |
| 5 | भारतीय दण्ड संहिता 1860, की किस धारा के अनुसार यदि अपराध कारावास और जुर्माने दोनों से दण्डनीय हो, तो वह अवधि, जिसके लिए जुर्माना देने मे व्यक्ति क्रम होने की दशा के लिए न्यायालय अपराधी को करावासित करने का निर्देश दे, कारावास की उस अवधि की एक चौथाई से अधिक न होगी, जो अपराध के लिए अधिकतम नियत है? | धारा 64 | धारा 65 | धारा 66 | धारा 67 |
| 6 | "A" Sees 'B' Commit what appears to 'A' to be a murder. 'A' in the exercise to the best of his judgement exerted in good faith, of the power which the law gives to all persons of apprehending murders in the act, seizes 'B', in order to bring 'B' before the appropriate authorities. As per which section of the Indian Penal Code 1860, 'A' has committed no offence, though it may turn out that 'B' was acting in self defence? | Section 77 | Section 78 | Section 79 | Section 80 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | "क", "ख" को ऐसा कार्य करते देखता है, जो "क" को हत्या प्रतीत होता है. "क" सद्भावना पूर्वक काम मे लाये गए अपने श्रेष्ठ निर्णय के अनुसार उस शक्ति को प्रयोग मे लाते हुए, जो विधि ने, हत्याकारियो को उस कार्य को करते हुए पकड़ने के लिए सभी व्यक्तियों को दे रखी है, "ख" को अभिग्राहित करता है. भारतीय दण्ड संहिता 1860, की किस धारा के अनुसार "क" ने कोई अपराध नहीं किया है चाहे तत्पश्चात असल बात यह निकले की "ख" आत्म प्रतिरक्षा मे कार्य कर रहा था? | धारा 77 | धारा 78 | धारा 79 | धारा 80 |
| 7 | In a great fire, the fire was spreading from one house to the other house. In such situation, with a view to prevent the conflagration from spreading, 'A' pulls down some houses he does this with the intention in good faith of saving human life and property. here if it is found that the harm to be prevented was of such a nature and so imminent as to excuse 'A's act, as per which section of the Indian Penal Code 1860, 'A' is not guilty of the offence? | Section 80 | Section 81 | Section 90 | Section 91 |
| 7 | एक बड़े अग्निकाण्ड के समय आग एक घर से दुसरे घर मे फ़ैल रही थी. ऐसी परिस्थिति मे आग को फैलने से रोकने के लिए "क" कुछ घरो को गिरा देता है. वह यह कार्य मानव जीवन और सम्पति को बचाने के लिए सद्भावना पूर्वक करता है. यदि यह पाया जात है की निवारण की जाने वाली अपहानि इस प्रक्रति की ओर इतनी आसान थी की "क" का कार्य माफ़ी योग्य है तो भारतीय दण्ड संहिता 1860 की किस धारा के अनुसार "क" अपराध का दोषी नहीं है? | धारा 80 | धारा 81 | धारा 90 | धारा 91 |
| 8 | As per which section of the Indian Penal Code 1860, the right of private defence of body may extend to voluntarily causing death? | Section 100 | Section 101 | Section 102 | Section 103 |
| 8 | भारतीय दण्ड संहित 1860, की किस धारा के अनुसार शरीर की प्राईवेट प्रतिरक्षा का अधिकार स्वेछया मृत्यु कारित करने तक विस्तारित हो सकता है? | धारा 100 | धारा 101 | धारा 102 | धारा 103 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | "A" Instigates 'B' to murder 'C'. 'B' in pursuance of the instigation stabs "c". "c" recover from the wound, In this case - | "A" is guilty of instigating "B" to commit murder | "A" is guilty of instigating 'B' to commit attempt to commit murder | "A" is guilty of instigating "B" to cause grievous hunt | "A" is not guilty of any offence |
| 9 | "क" "ख" को "ग" की हत्या करने के लिए उकसाता है. "ख" ऐसे उकसाहट के अनुसरण मे "ग" को बिद्ध करता है. "ग" का घाव अच्छा हो जाता है. इस मामले मे - | "क" हत्या करने के लिए "ख" को उकसाने का दोषी है | "क" हत्या का प्रयास करने के लिए "ख" को उकसाने का दोषी है | "क" घोर उपहति करने के लिए "ख" को उकसाने का दोषी है. | "क" किसी अपराध का दोषी नहीं है. |
| 10 | "A" instigating "B" to give false evidence. "B" in consequence of the instigation commits that offence. As per which section of the Indian Penal Code 1860, "A" is guilty of abetting that offence and is liable to the same punishment as "B" | Section 108 | Section 109 | Section 110 | Section 111 |
| 10 | "क" , "ख" को मिथ्या साक्ष्य देने के लिए उकसाता है. "ख" उकसाहट के परिणाम स्वरुप, वह अपराध करता है. भारतीय दण्ड संहित 1860, की किस धारा के अनुसार "क" उस अपराध के दुष्प्रेरण का दोषी है और उस दण्ड मे दण्डनीय है जिसमे "ख" है? | धारा 108 | धारा 109 | धारा 110 | धारा 111 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Under Which section of the Indian Penal Code 1860, it is provided that who ever is a party to criminal conspiracy to commit an offence punishable whit death, imprisonment for life or rigorous imprisonment for a term of two years or upwards, shall where no express provision is made in this code for the punishment of such a conspiracy, be punished in the same manner as if he had abetted such offence? | Section 119 | Section 120 | Section 120A | Section 120B |
| 11 | भारतीय दण्ड संहित 1860, की किस धारा मे यह उपबन्धित है की जो कोई मृत्यु, आजीवन कारावास या दो वर्ष या उससे अधिक अवधि के कठिन कारावास से दण्डनीय एक अपराध करने के लिए एक अपराधिक षडयंत्र मे शरीक होगा, यदि ऐसे षड़यंत्र के दण्ड के लिए इस संहित मे कोई अभिव्यक्ति उपबन्ध नहीं है, तो वह उसी प्रकार दण्डित किया जायेगा, मानो उसने ऐसे अपराध का दुष्प्रेरण किया था? | धारा 119 | धारा 120 | धारा 120 क | धारा 120 ख |
| 12 | Under Which Section of the Indian Penal Code 1860, the punishment for an offence captioned as 'Sedition' is provided? | Section 123 | Section 124 | Section 124A | Section 125 |
| 12 | भारतीय दण्ड संहिता 1860, की किस धारा के अधीन "राज द्रोह" शीर्षक से उल्लेखित अपराध के लिए दण्ड उपबन्धित है? | धारा 123 | धारा 124 | धारा 124 क | धारा 125 |
| 13 | A' is a public servant and in that capacity he had the custody of a state prisoner. He voluntarily allows such prisoner to escape from the place in which that prisoner was combined. Under which section of the Indian Penal Code 1860, he is liable to Punishment? | Section 128 | Section 129 | Section 130 | Section 225A |
| 13 | "क" एक लोक सेवक है और उस हसियत से वह एक राजकैदी को अभिरक्षा मे रखे हुए था. वह स्वेच्छा उस कैदी को ऐसे स्थान से जिसमे वह कैदी परिरुद्ध था, निकल भागने देता है. भारतीय दण्ड संहित 1860, की किस धारा के अधीन वो दण्डनीय होगा? | धारा 128 | धारा 129 | धारा 130 | धारा 225 क |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | "A" not being a soldier in the military of the government of Indian, wears a Garb used by such a soldier, with the intention that it may be believed the he is such a soldier. Under which section of the Indian Penal Code 1860, he shall be liable to punishment? | Section 140 | Section 139 | Section 138 | Section 137 |
| 14 | "क" भारत सरकार की सैन्य का एक सैनिक न होते हुए इस आशय से की यह विश्वास किया जाए की वह ऐसा सैनिक है, ऐसी पोशाक पहनता है जो ऐसी सैनिक द्वारा उपयोग मे लायी जाती है. भारतीय दण्ड संहिता 1860, की किस धारा के अधीन वह दण्डनीय होगा? | धारा 140 | धारा 139 | धारा 138 | धारा 137 |
| 15 | In a case it was found that out of nine rioters, only three of them had carried deadly weapons and other were not armed with any deadly weapons. Under which section of the Indian Penal Code 1860, these three rioters are liable to punishment? | Section 145 | Section 146 | Section 147 | Section 148 |
| 15 | एक मामले मे यह पाया गया की नौ बलवाईयों मे से केवल तीन लोग घातक आयुध लिए हुए थे और बाकि लोग किसी घातक आयुध ने सज्जित नहीं थे. भारतीय दण्ड संहिता 1860, की किस धारा के अधीन वो तीन बलवाई दण्डनीय होंगे? | धारा 145 | धारा 146 | धारा 147 | धारा 148 |
| 16 | An offence is committed by a member of an unlawful assembly in prosecution of the common object of that assembly. As per which section of Indian Penal Code 1860, Every person who, at the time of the committing of that offence, is a member of the same assembly, is guilty of that offence? | Section 152 | Section 151 | Section 150 | Section 149 |
| 16 | एक विधि विरुध जमाव के एक सदस्य द्वारा उस जमाव के सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने मे एक अपराध किया है. भारतीय दण्ड संहिता 1860 की किस धारा के अनुसार, हर व्यक्ति ,जो उस अपराध के किये जाने के समय उस जमाव का सदस्य था उस अपराध का दोषी होगा? | धारा 152 | धारा 151 | धारा 150 | धारा 149 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | "A" harbours some persons in a house which is in his occupation, knowing that such persons have been hired to become members of an unlawful assembly. Under which Section of the Indian Penal Code 1860, "A" should be punished? | Section 157 | Section 158 | Section 159 | Section 160 |
| 17 | क' एक घर मे जो उसके अधिभोग मे है, कुछ व्यक्तियों को यह जानते हुए की वो व्यक्ति विधि विरुध्द जमाव के सदस्य बनाने के लिए भाड़े पर लाये गए है, संश्रय देता है. भारतीय दण्ड संहिता 1860 , की किस धारा के अधीन "क" दण्डित होगा ? | धारा 157 | धारा 158 | धारा 159 | धारा 160 |
| 18 | "A" being legally bound to appear before a District Judge, as a witness in obedience to a Summon issued by that District Judge, Intestinally omits in appear. Under which Section of the Indian Penal Code 1860, he shall be liable to punishment? | Section 173 | Section 174 | Section 174-A | Section 175 |
| 18 | "क" जिला न्यायाधीश द्वारा निकले गए समन के पालना मे उस जिला न्यायाधीश के समक्ष साक्षी के रूप मे उप्संघ्यात होने के लिए वैध्य रूप से आबद्ध होते हुए उप्संघ्यात होने मे साशय लोप करता है. भारतीय दण्ड संहिता १८६०, की किस धारा के अधीन वह दण्डनीय होगा? | धारा 173 | धारा 174 | धारा 174 - क | धारा 175 |
| 19 | "A" being legally bound to furnish information on a subject to the public servant as such furnishes, as true, information on the subject which he knows to be fake. Under which Section of the Indian Penal Code 1860, he shall be punished? | Section 177 | Section 178 | Section 179 | Section 181 |
| 19 | "क" लोक सेवक को किसी विषय पर इतिला देने की लिए वैध रूप से आबद्ध होते हुए उस विषय पर सच्ची इतिला के रूप मे ऐसी इतिला देता है जिसे वह जनता हे की वह मिथ्या है. भारतीय दण्ड संहिता 1860, की किस धारा के अधीन "क" दण्डित होगा? | धारा 177 | धारा 178 | धारा 179 | धारा 181 |
| 20 | "A" voluntarily obstructs a public servant in the discharge of his public function. Under which section of the Indian Penal Code 1860, he shall be punished? | Section 184 | Section 185 | Section 186 | Section 187 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | "क" एक लोक सेवक के कृत्यों के निर्वहन मे स्वेच्छया बाधा डालता है. भारतीय दण्ड संहिता 1860 की किस धारा के अधीन वह दण्डित होगा? | धारा 184 | धारा 185 | धारा 186 | धारा 187 |
| 21 | "A" Intestinally gives false evidence in a stage of a judicial proceeding. Under which section of the Indian Penal Code 1860, he shall be punished? | Section 192 | Section 193 | Section 194 | Section 195 |
| 21 | "क" स्वयं एक न्यायिक कार्यवाही के एक प्रकम मे मिथ्या साक्ष्य देता है. भारतीय दण्ड संहिता 1860 की किस धारा के अधीन वह दण्डित होगा? | धारा 192 | धारा 193 | धारा 194 | धारा 195 |
| 22 | "A" Knowing that "B" has murdered "C" assist "B" to hide the dead body of "C" with the intention of saving "B" from punishment. Under Which section of Indian Penal Code 1860, "A" shall be punished? | Section 201 | Section 202 | Section 203 | Section 204 |
| 22 | "क" यह जानते हुए की "ख" ने "ग" की हत्या की है, "ख" को दण्ड से प्रतिछादित करने के आशय से "ग" के मृत शरीर को छिपाने मे "ख" की सहायता करता है. भारतीय दण्ड संहिता १८६० की किस धारा के अधीन "क" दण्डित होगा? | धारा 201 | धारा 202 | धारा 203 | धारा 204 |
| 23 | "A" with the intention to cause injury to "B" institutes a criminal proceeding on a false charge on an offence punishable with imprisonment for seven years. Under Which Section of the Indian Penal Code 1860, he shall be Punishable? | Section 209 | Section 210 | Section 211 | Section 212 |
| 23 | "क" "ख" को क्षति कारित के आशय से उसके विरुद्ध एक दंडिक कार्यवाही, सात वर्ष के कारावास से दंडनीय अपराध के मिथ्या आरोप पर, संस्थित करता है. भारतीय दण्ड संहिता 1860 की किस धारा के अधीन वह दण्डनीय होगा? | धारा 209 | धारा 210 | धारा 211 | धारा 212 |
| 24 | "A" Having been charged with an offence and release on bail, fails without sufficient cause, to appear in court in accordance with the terms of the bail. Under which section of the Indian Penal Code 1860, he shall be liable to punishment for his failure to appear in the court in such manner? | Section 227 | Section 228 | Section 229 | Section 229-A |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | "क" एक अपराध से आरोपित किये जाने पर और जमानत पर छोड़ दिए जाने पर जमानत के निबंधनो के अनुसार न्यायालय मे पर्याप्त कारणों के बिना हाजिर होने मे असफल रहता है. भारतीय दण्ड संहिता 1860 की किस धारा के अधीन उसके इस प्रकार न्यायालय मे हाजिर होने मे असफल होने के लिए वह दण्डनीय होगा? | धारा 227 | धारा 228 | धारा 229 | धारा 229-क |
| 25 | A person counterfoils a stamp issued by the government for the purpose of revenue. Under which section of Indian Penal Code 1860, he shall be punished? | Section 254 | Section 255 | Section 256 | Section 257 |
| 25 | एक व्यक्ति सरकार द्वारा राजस्व के प्रयोजन के लिए प्रचलित एक स्टाम्प का कूटकरण करता है. भारतीय दण्ड संहिता 1860 की किस धारा के अधीन वह दण्डित होगा? | धारा 254 | धारा 255 | धारा 256 | धारा 257 |
| 26 | A person sings a ballad in a passenger train causing annoyance to the passengers, what offence has he committed ? | Singing obscene songs | public nuisance | mischief | outraged the modesty of females |
| 26 | एक व्यक्ति सवारी गाडी मे अश्लील पवाडे गाता है, जिससे यात्रियों को क्षोभ हुआ. उसने कौनसा अपराध किया? | अश्लील गीत गाने का | लोक न्यूसेंस | रिष्टि | महिलाओं की लज्जा भंग |
| 27 | An Exorcist beaten to death a girl for exorcising her of evil spirit, He is guilty of :- | Murder | culpable homicide not amounting to murder | causing grievous hurt | Attempt to murder |
| 27 | एक ओझा (झाड़ फूंक करने वाला) ने एक लड़की को भूतप्रेत से प्रभाव से मुक्त करने हेतु, इतना पीटा की वह मर गयी. वह दोषी है :- | हत्या का | आपराधिक मानव वध का जो हत्या नहीं है | घोर उपहति कारित करने का | हत्या के प्रयत्न का |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | A has put a loaded pistol on the temple of B and asked him to walk backward without seeing behind him. When B walked backward and felt down from a steep fall of the hill and died. A has committed the offence of :- | murder | Attempt to murder | culpable homicide | grievous hurt |
| 28 | अ ने ब की कनपटी पर एक भरी हुई पिस्तोल रखकर उसे बिना पीछे देखे पीछे चलने को कहा. ब पीछे चला और पहाड़ी की सीधी ढलान से नीचे गिरा और मर गया. अ ने अपराध किया है :- | हत्या का | हत्या के प्रयास का | मानव वध का | घोर उपहति का |
| 29 | A nwely married couple was going for sight seeing. They were accosted by a goonda who uttered some lewd remakrs on the wife. Her annoyed husband slapped him. He got enraged and killed the husband by stabbing. He is guily of :- | Murder | culpable homicide | Attempt to murder | No offence |
| 29 | एक नवविवाहित दम्पति घुमने को जा रहे थे, उन्हें एक गुण्डा मिला जिसने पत्नी पर कुछ फूहड़ छीटाकशी की. उसके क्रोधित पति ने गुंडे को थप्पड़ मारा जिससे वह उत्तेजित हुआ और पति को चाकू घोपकर मार दिया. वह दोषी है :- | हत्या का | आपराधिक मानव वध का | हत्या के प्रयास का | कोई अपराध नहीं |
| 30 | X, intending to murder Y, mixes poison in his milk and delivered it to Y to drink but Y gave the milk to his pet dog which died. Has X committed any crime? | No offence | Murder | culpable homicide | Attempt to murder |
| 30 | एक्स, वाई को मारने के आशय से, उसके दूध मे विष मिलाकर उसे पिने हेतु देता है,परन्तु वाई ने वह दूध अपने पालतू कुत्ते को दे दिया और कुत्ता मर गया. क्या एक्स ने कोई अपराध किया है? | कोई अपराध नहीं किया | हत्या | आपराधिक मानव वध | हत्या का प्रयास |
| 31 | What is the legal position of section 309 of The Indian Penal Code, 1860? | Repealed | Not repealed | Invalid | Unconstitutional |
| 31 | भारत्या दण्ड संहिता, 1860 की धारा 309 की वैधानिक स्थिति क्या है ? | निरसित | निरसित नहीं | अवैधानिक | असंवैधानिक |
| 32 | A has scolded B for smoking. B got annoyed and put a blow on the face of A dislocating his one tooth. Has B committed any offence? | No offence | Trittling Act | Simple hurt | grievous hurt |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 32 | अ ने ब को धूम्रपान करने पर झिड़का. ब को क्रोध आया और उसने अ के चेहरे पा मुक्का मारा और उसका एक दांत हिला दिया. क्या ब ने कोई अपराध किया? | कोई अपराध नहीं किया | तुच्छ कार्य | साधारण उपहति | घोर उपहति का |
| 33 | A has a right of way through a narrow lane, to his house. B tied his ferocious dog to a lamp post to obstruct A to go in his house. Has B committed any offence? | wrongful restraint | wrongful confinement | public nuisance | mischief |
| 33 | एक सकडी गली से अ को अपने घर मे जाने का अधिकार है. ब ने अ को घर जाने से रोकने हेतु अपने खूंखार कुत्ते को बिजली के खम्बे से बांध दिया. क्या ब ने कोई अपराध किया है? | सदोष अवरोध | सदोष परिरोध | लोकताप (लोक न्यूसेंस) | रिष्टि |
| 34 | With a view to preventing his wife to go out, her husband bolted her room-door from outside. What offence has he committed? | wrongful restraint | wrongful confinement | mischief | no offence |
| 34 | अपनी पत्नी को बहार जाने से रोकने हेतु उसके पति ने पत्नी के कमरे के दरवाजे की बाहर से सिटकनी बंद कर दी. उसने कौनसा अपराध किया है? | सदोष अवरोध | सदोष परिरोध | रिष्टि | कोई अपराध नहीं किया |
| 35 | A was riding a horse. B with an intention to frighten him lashes his horse and he was thrown away by the horse. Has B committed any offence? | Force | Criminal force | trifling Act | no offence |
| 35 | अ' एक घोड़े पर सवारी कर रहा था. 'ब' उसे डराने के उद्देश्य से, उसके घोड़े को चाबुक मारता है और घोड़े ने उसे गिरा दिया. क्या 'ब' ने कोई अपराध किया है? | बल | आपराधिक बल | तुच्छ कृत्य | कोई अपराध नहीं किया |
| 36 | While frowning, A has hurled his stick upon B to beat him. What offence has A committed? | No offence | Force | Criminal force | Assault |
| 36 | अपनी त्योरी चढाते हुए, 'अ' ने 'ब' को मारने हेतु उस पर अपनी छड़ी लहराई, 'अ' ने कौनसा अपराध किया है? | कोई अपराध नहीं किया | बल | आपराधिक बल | हमला |
| 37 | The Offence of "VOYEURISM" is contained in the Indian Penal Code, 1860 in section :- | Section 354 A | Section 354 B | Section 354 C | Section 354 D |
| 37 | "ताकझांक" करने का अपराध भारतीय दण्ड संहिता 1860 मे निहित है :- | धारा 354 क मे | धारा 354 ख मे | धारा 354 ग मे | धारा 354 घ मे |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 38 | The divorced parents of a 3 year old child are living apart. The mother of the child, a teacher, leaves the child in the care of her mother, when she goes to school. In the absence of the wife and without the knowledge of his mother-in-law, her husband takes away the child with him. What is his criminal liability? | Abduction | Kidnapping | Criminal force | mischief |
| 38 | एक तीन वर्षीय बच्चे के तलाकशुदा माता पिता पृथक पृथक रहते है. बच्चे की माँ एक अध्यापिका , जब वह विद्यालय जाती है, बच्चे को अपनी माँ की देखरेख मे छोडती है. पत्नी की अनुपस्थिति मे एवं अपनी सास को बिना बताये, उसका पति बच्चे को अपने साथ ले जाता है. उसका आपराधिक दायित्व क्या है? | अपहरण | व्यपहरण | आपराधिक बल | रिष्टि |
| 39 | What is the legal status of section 377 of The Indian Penal Code, 1860? | Unconstitutional | Invalid | valid | Void |
| 39 | भारतीय दण्ड संहित 1860, की धारा 377 की वैधानिक अवस्था (स्थिति) क्या है? | असंवैधानिक | अविधिमान्य | विधिमान्य | शून्य |
| 40 | A has given his watch for repair to a watch maker. one day, in the absence of the watch maker, he has lifted his watch dishonestly, without making him payment of his repair charges. What offence has he committed? | Theft | Extortion | Criminal breach of trust | No offence |
| 40 | अ ने अपनी घडी एक घड़ीसाज को मरम्मत करने हेतु दी. एक दिन घड़ीसाज की अनुपस्थिति मे, उसे बिना मरम्मत खर्च का भुगतान किये, बेईमानीपुर्वक अ घडी उठा लाया. उसने कौनसा अपराध किया है ? | चोरी | उद्दापन | आपराधिक न्यास भंग | कोई अपराध नहीं |
| 41 | A threatens to publish a defamatory statement against B unless she delivers him Rs. 50,000, but she did not pay. Has A committed any offence? | Extortion | Robbery | Criminal Intimidation | No offence |
| 41 | अ ने ब को धमकी दे की अगर वह उसे 50,000 रूपये नहीं देती है तो वह उसके विरुद्ध अपमानजनक लेख प्रकाशित कर देगा परन्तु ब ने रूपये नहीं दिए. क्या अ ने कोई अपराध किया है? | उद्दापन | लूट | आपराधिक अभित्रास | कोई अपराध नहीं |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 42 | In a narrow and lonely lane, A has put a knife on the neck of B and threatened him to deliver his purse. B delivered the purse. What offence has A Committed? | Theft | Extortion | Robbery | Criminal Intimidation |
| 42 | एक सकडी एवं एकांत गली मे अ ने ब की गर्दन पर चाकू रखकर उसे अपना बटवा देने हेतु धमकी देता है. ब ने बटवा दे दिया. अ ने क्या अपराध किया है? | चोरी | उद्दापन | लूट | आपराधिक अभित्रास |
| 43 | The minimum number of offenders in the offence of dacoity is :- | 3 | 5 | 7 | 9 |
| 43 | डकैती के अपराध मे अपराधियों की न्यूनतम संख्या होती है :- | तीन | पाँच | सात | नौ |
| 44 | A, with an intention to cause loss to the Insurance company, put his car on fire. What offence has he committed? | Mischief | Criminal breach of trust | Criminal Intimidation | No offence |
| 44 | बिमा कम्पनी को हानि पहुचने के आशय से, अ ने अपनी कार को आग लगा दी. उसने क्या अपराध किया है? | रिष्टि | आपराधिक न्यास भंग | आपराधिक अभित्रास | कोई अपराध नहीं |
| 45 | A group of transgender enter in the house of 'A' and have demanded money to which he refused and asked them to get out. They did not leave the house. Have they committed any offence? | Nuisance | Criminal trespass | No offence | mischief |
| 45 | किन्नरों के एक समूह ने अ के घर मे प्रवेश किया और रुपयों की मांग की जिसके लिए उसने मना कर दिया व उन्हें बाहर निकलने को कहा, वे मकान से बाहर नहीं निकले. क्या उन्होंने कोई अपराध किया है? | न्यूसेंस | आपराधिक अतिचार | कोई अपराध नहीं | रिष्टि |
| 46 | On his marriage a groom was gifted a car but on breakage of marriage, he was asked to return it to which he refused. What is his offence? | Criminal breach of trust | Criminal misappropriation | cruelty to his wife | No offence |
| 46 | विवाह पर एक वर को कार भेंट मे दी गयी, विवाह के टूटने पर उसे कार लौटाने को कहा गया जिसके लिए उसने मना कर दिया. उसका अपराध क्या है? | आपराधिक न्यास भंग | आपराधिक दुर्विनियोग | पत्नी पर क्रूरता | कोई अपराध नहीं |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 47 | A newly married woman delivered her jewellery to her husband for putting into a Bank Locker. He pledged them else-where as security for a loan. What offence has he committed? | forgery | Cheating | Criminal breach of trust | criminal misappropriation |
| 47 | एक नवविवाहिता पत्नी ने अपने जेवर बैंक लॉकर मे रखने हेतु अपने पति को दिए. उसने उन्हें, अन्यत्र एक ऋण की प्रतियुती हेतु गिरवी रख दिया. उसने क्या अपराध किया है? | कूटरचना | छल | आपराधिक न्यास भंग | आपराधिक दुर्विनियोग |
| 48 | Out of professional competition, A gives a false statement that the food articles of Z co. contain some harmful content. Has he committed any offence? | Defamation | Mischief | Nuisance | No offence |
| 48 | व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के कारण अ ने मिथ्या कथन किया की जेड कम्पनी की खाद्य वस्तुओं मे कोई हानिकारक तत्व है. क्या उसने कोई अपराध किया है? | मानहानि | रिष्टि | न्युसेंसे | कोई अपराध नहीं |
| 49 | To annoy a group of females, a person used filthy language. What offence has he committed? | Nuisance | Criminal Intimidation | Mischief | Insult the modesty of females. |
| 49 | महिलाओं के एक समूह को चिढाने के उद्येश्य से एक व्यक्ति ने मलिनतापूर्ण भाषा का प्रयोग किया. उसने क्या अपराध किया है? | न्युसेंसे | आपराधिक अभित्रास | रिष्टि | महोलाओं की लज्जा का अनादर |
| 50 | Two persons break open a donation box of a temple but found no money in it. Have they committed any offence? | Attempt of theft | Theft | Extortion | Robbery |
| 50 | दो व्यक्ति एक मंदिर के दान पत्र को तोड़ते है परन्तु उसमे से कोई रूपये नहीं मिले. क्या उन्होंने कोई अपराध किया है? | चोरी का प्रयास | चोरी | उद्दापन | लूट |
| 51 | As per the definition of "Vitim" provided under Section 2(W A) of the Code of Criminal Procedure 1973, "Victim" means a person who has suffered any loss or injury caused by reason of the act or omission for which the accused person has been charged and the expression "Victim" includes - | Only his or her Guardian | Only his or her legal heir | His or her guardian or Legal heir | His or her guardian, legal heir or close relatives. |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 51 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 2 (ब क) मे दी गई परिभाषा के अनुसार "पीड़ित" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेरित है जिसे उस कार्य या लोप के कारण कोई हानि या क्षति कारित हुई है जिसके लिए अभियुक्त व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है और "पीड़ित" पद के अंतर्गत शामिल है - | केवल उसका संरक्षक | केवल उसका विधिक वारिस | उसका संरक्षक या विधिक वारिस | उसका संरक्षक या विधिक वारिस या नजदीकी मित्र. |
| 52 | As per section 27(7) of the Criminal Procedure Code 1973, a person shall be eligible to be appointed as a public prosecutor or an additional public prosecutor under sub section (1) or sub section (2) or Sub Section (3) or Sub Section (6) of that section, only if he has been in practice as an Advocate for not less than :- | Ten Years | Seven Year | Five Years | Three Years |
| 52 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की धारा 24(7) के अनुसार कोई व्यक्ति उस धारा की उपधारा (1) या उपधारा (2) या उपधारा (3) या उपधारा (6) के अधीन लोक अभियोजक या अपर लोक अभियोजक नियुक्त किये जाने का पात्र तब ही होगा जब वह अधिवक्ता के रूप मे विधि का व्यवसाय करता रहा हो :- | दस वर्ष | सात वर्ष | पाँच वर्ष | तीन वर्ष |
| 53 | A declaration of forfeiture of a book has been made under section of the Criminal Procedure Code 1973,. The publisher of that book, having interest in that book can apply to which count to se aside such declaration on the ground that the book in respect of which the declaration is made did not contain any such matter as is referred to in sub section (1) of the section 95? | The magistrate who issued the such warrant. | Chief Judicial magistrate/ chief Metropolitan Magistrate. | court of Sessions | High Court |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 53 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की धारा 95 के अधीन एक पुस्तक के समपहरण की घोषणा की गई है. उस पुस्तक का प्रकाशक, उस पुस्तक मे हित रखने वाला व्यक्ति होते हुए, इस घोषणा को इस आधार पर अपास्त करने के लिए की उस पुस्तक मे, जिसके बारे मे यह घोषणा की गयी थी, कोई ऐसी बात अन्तर्विष्ठ नहीं है जो धारा 95 की उपधारा (1) मे निर्दिष्ट है, किस न्यायालय मे आवेदन कर सकता है? | उस मजिस्ट्रेट को जिसने तलाशी के लिए वारंट जारी किया | मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट | सेशन न्यायाधीश | उच्च न्यायालय |
| 54 | A Police Officer making investigation under chapter XII of the Criminal Procedure Code 1973, under section 160 of the Code can not require the attendance of a male at a place other than the place of his residence who is :- | Under the age of 15 years | Under the age of 16 years | Under the age of 18 years | Under the age of 20 Years |
| 54 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अध्याय XII के अधीन अन्वेशन कर रहा एक पुलिस ऑफिसर, इस संहिता की धारा 160 के अधीन किसी पुरुष की हाजरी ऐसे स्थान से जिसमे वह पुरुष निवास करता है, भिन्न किसी स्थान पर अपेक्षा नहीं कर सकता जो :- | 15 वर्ष से कम आयु का हो | 16 वर्ष से कम आयु का हो | 18 वर्ष से कम आयु का हो | 20 वर्ष से कम आयु का हो |
| 55 | In a matter it is proved that an accused has absconded and that there is no immediate prospects of arresting him. As per Which section of the criminal Procedure Code 1973, the Court competent to try such person for the offence complained of may in his absence, examine the witness (if any) produced on behalf of the prosecution? | Section 299 | Section 298 | Section 297 | Section 296 |
| 55 | एक मामले मे यह साबित कर दिया जाता है की अभियुक्त व्यक्ति फरार हो गया है और उसके तुरंत गिरफ्तार किये जाने की कोई संभावना नहीं है. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा के अनुसार, उस अपराध के लिए, जिसका परिवाद किया गया है, उस व्यक्ति का विचारण करने के लिए सक्षम न्यायालय अभियोजन की और से पेश किये गए साक्षियों की (यदि कोई हो) उसकी अनुपस्थिति मे परीक्षा कर सकता है? | धारा 299 | धारा 298 | धारा 297 | धारा 296 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 56 | As Per which section of the Criminal Procedure Code 1973, the Court is dealing with application for maintenance of allowance under section 125 of the Code, shall have the power to Make such Order as to the Court as may be just? | Section 125 | Section 126 | Section 127 | Section 128 |
| 56 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा के अनुसार इस संहिता की धारा 125 के अधीन भरण-पोषण भत्ते के लिए आवेदन पर कार्यवाही करने मे न्यायालय को शक्ति होगी की वह खर्चो के बारे मे ऐसा आदेश दे जो न्याय संगत है? | धारा 125 | धारा 126 | धारा 127 | धारा 128 |
| 57 | In a case instituted on a police report, the accused is brought before the magistrate. if it appears to the magistrate that the offence is triable exclusively by the Court of Sessions, under which section of the Criminal Procedure Code, 1973 he shall commit that case to the Court of Sessions? | Section 208 | Section 209 | Section 211 | Section 212 |
| 57 | पुलिस रिपोर्ट पर संस्थित एक मामले मे अभियुक्त मजिस्ट्रेट के सामने लाया जाता है. यदि मजिस्ट्रेट को यह प्रतीत होता है की अपराध अनन्यत: सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय है तो वह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा के अधीन वह मामला सेशन न्यायालय को सुपुर्द करेगा? | धारा 208 | धारा 209 | धारा 211 | धारा 212 |
| 58 | "A" is charged with cheating "B" and the manner in which he cheated "B" is set out incorrectly. "A" defends himself calls witnesses and gives his own account of the transaction. As per which section of the code of Criminal Procedure 1973, the Court may infer from this that the omission to set out the manner of the cheating is not material? | Section 213 | Section 214 | Section 215 | Section 216 |
| 58 | "क" पर "ख" से छल करने का आरोप है और जिस रीती से उसने "ख" के साथ छल किया है वह आरोप मे अशुद्ध रूप से उपवर्णित है. "क" अपनी प्रतिरक्षा करता है, साक्षियों को पेश करता है और संव्यवहार का स्वयं अपना विवरण देता है. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा के अनुसार न्यायालय इससे अनुमान कर सकता है की छल की रीती के उपवर्णन का लोप तात्विक नहीं है? | धारा 213 | धारा 2114 | धारा 215 | धारा 216 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 59 | If the Accused pleads guilty, under which section of the Criminal Procedure Code, 1973 the session Judge shall record the Plea and may in his discussion, commit him there on? | Section 228 | Section 229 | Section 230 | Section 231 |
| 59 | यदि अभियुक्त दोषी होने का अभिवचन करता है तो दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अधीन सेशन न्यायाधीश उस अभिवाक् को लेख बद्ध करेगा और उसके आधार पर उसे स्वविवेकानुसार, दोष सिद्ध कर सकता है? | धारा 228 | धारा 229 | धारा 230 | धारा 231 |
| 60 | In the course of the trial of a summon case relating to an offence punishable with imprisonment for a term exceeding six months, it appears to the magistrate that in the interest of justice, the offence should be tried in accordance with the procedure for a trial of warrant case. as per which section of the Code of Criminal Procedure 1973, such magistrate may proceed to re-hear the case in the manner provided by this code for the trial of warrants cases and may recall any witness who may have been examined? | Section 259 | Section 258 | Section 257 | Section 256 |
| 60 | एक ऐसे अपराध से सम्बंधित समन मामले के विचारण के दौरान जो छह मास से अधिक अवधि के कारावास से दण्डनीय है, मजिस्ट्रेट को यह प्रतीत होता है की न्याय के हित मे उस अपराध का विचारण वारंट मामलों के विचारण की प्रक्रिया के अनुसार किया जाना चाहिए. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा के अनुसार ऐसा मजिस्ट्रेट वारंट मामलों के विचारण के लिए इस संहिता द्वारा उपबन्धित रीती से उस मामले की पुन: सुनवाई कर सकता है और ऐसी साक्षियों को पुन: बुला सकता है जिनकी परीक्षा की जा चुकी है? | धारा 259 | धारा 258 | धारा 257 | धारा 256 |
| 61 | As per Section 309 of the Code of Criminal Procedure code 1973, a trial related to an offence under Section 376, 376A, 376B, 376C or 376D of the Indian Penal Code,1860, should as far as possible, be completed within a period of how many months from the date of filing the charge sheet? | Six Months | Four Months | Three Months | Two Months |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 61 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की धारा 309 के अनुसार एक विचारण जो भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 376, 376 क, 376 ख, 376 ग, 376 घ के अधीन किसी अपराध से सम्बंधित है, यथा संभव ,आरोप पत्र फाइल किये जाने की तारीख से कितने मास की अवधि के भीतर पूरा किया जाना चाहिए? | छह मास | चार मास | तीन मास | दो मास |
| 62 | Under Which Section of the Code of Criminal Procedure Code 1973, a person accused of any offence may fill application for plea bargaining in the Court in which such offence is pending for trial? | Section 265A | Section 265B | Section 265C | Section 265B |
| 62 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अधीन किसी अपराध का एक अभियुक्त, सौदा अभिवाक् के लिए उस न्यायालय मे आवेदन फाइल कर सकेगा जिसमे ऐसे अपराध का विचारण लंबित है? | धारा 265 क | धारा 265 ख | धारा 265 ग | धारा 265 घ |
| 63 | As per which section of the Code of Criminal Procedure 1973, the compensation payable by the State Government under section 357A of this code, shall be in addition to the payment of fine to the victim under section 326A or Section 376D of the Indian Penal Code 1860? | Section 357A (5) | Section 357A (6) | Section 357 B | Section 357 C |
| 63 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा के अनुसार इस संहिता की धारा 357 क के अधीन राज्य सरकार द्वारा संदेह प्रतिकर भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 326 क या धारा 376 घ के अधीन पीडिता को जुर्माने का संदाय किये जाने के अतिरिक्त होगा? | धारा 357 क(5) | धारा 357 क(6) | धारा 357 ख | धारा 357 ग |
| 64 | under which section of the code of Criminal procedure 1973, a person committed anon a trial held be a sessions Judge or an Additional Session Judge or on a trial held by any other Court in which a sentence of imprisonment for more than seven years has been passed against him, may appeal to the High Court? | Section 374 | Section 375 | Section 376 | Section 377 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 64 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अधीन एक व्यक्ति जो सेशन न्यायाधीश या अपर सेशन न्यायाधीश द्वारा किये गए विचारण मे या किसी अन्य न्यायालय द्वारा किये गए विचारण मे दोष सिद्ध किया गया है, जिसमे सात वर्ष से अधिक के कारावास का दण्डादेश उसके विरूद्ध दिया गया है, उच्च न्यायालय मे अपील कर सकता है? | धारा 374 | धारा 375 | धारा 376 | धारा 377 |
| 65 | As per which section of The Code of Criminal Procedure Code 1973, an additional sessions Judge shall have and may exercise all the powers of a sessions judge under chapter XXX of the Code in respect of any case which may be transferred to them by or under any general or special order of the sessions Judge. | Section 399 | Section 400 | Section 401 | Section 402 |
| 65 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अनुसार एक अपर सेशन न्यायधीश को किसी ऐसे मामले के बारे मे जो सेशन न्यायाधीश ने किसी साधारण या विशेष आदेश के द्वारा या अधीन उसे अंतरित किया जाता है, सेशन नयायाधीश की इस संहिता के अध्याय XXX के अधीन सब शक्तियाँ प्राप्त होगी और वह उनका प्रयोग कर सकता है? | धारा 399 | धारा 400 | धारा 401 | धारा 402 |
| 66 | As per which section of Code of Criminal Procedure 1973, in the case of a continuing offence, a fresh period of limitation shall begin to run at every moment of the time during which the offence continue? | section 469 | section 470 | section 471 | section 472 |
| 66 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा के अनुसार किसी चालू रहने वाले अपराध की दशा मे नया परिसीमा काल उस समय के प्रत्येक क्षण से प्रारम्भ होगा जिसके दौरान अपराध चालू रहता है? | धारा 469 | धारा 470 | धारा 471 | धारा 472 |
| 67 | As per which section of the Code of Criminal Procedure 1973 on assistant session judge may pass any sentence authorised by law except a sentence of death or of imprisonment for life or of imprisonment for a term exceeding ten years? | section 27 | Section 28 | section 29 | section 30 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 67 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अनुसार एक सहायक सेशन न्यायाधीश मृत्यु या आजीवन कारावास या दस वर्ष से अधिक की अवधि के लिए कारावास के दण्डादेश के सिवाय कोई ऐसा दण्डादेश दे सकता है जो विधि द्वारा प्राधिकृत हो? | धारा 27 | धारा 28 | धारा 29 | धारा 30 |
| 68 | As per Which section of the code of Criminal Procedure 1973, when a warrant is directed to a person other than a police officer, any other person may aid in the person to whom the warrant is directed be near at hand and acting in the execution of the warrant? | Section 37 | Section 38 | Section 39 | Section 40 |
| 68 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अनुसार जब कोई वारन्ट पुलिस अधिकारी से भिन्न किसी व्यक्ति को निर्दिष्ट है तब कोई भी अन्य व्यक्ति उस वारंट के निष्पादन मे सहायता करता है यदि वह व्यक्ति जिसे वारंट निर्दिष्ट है पास मे है और वारंट के निष्पादन मे कार्य कर रहा है? | धारा 37 | धारा 38 | धारा 39 | धारा 40 |
| 69 | Under which section of the Code of Criminal Procedure 1973, procedure relation to examination of person accused of rape by registered medical practitioner is provided? | Section 53 A | Section 54 A | Section 55 A | Section 60 A |
| 69 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा के अधीन बलात्संग के अपराधी व्यक्ति की पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा परीक्षा की प्रक्रिया उपबन्धित है? | धारा 53 क | धारा 54 क | धारा 55 क | धारा 60 क |
| 70 | A person who was summoned could not, by the exercise of diligence be found. As per which section of the Code of criminal Procedure 1973, the summon may be served by leaving one of the duplicates for him, with some adult male member of his family residing, with him? | Section 66 | Section 65 | Section 64 | Section 63 |
| 70 | एक व्यक्ति जो समन किया गया था, सम्यक तत्परता बरतने पर भी नहीं मिल सका. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अनुसार समन की तामील दो प्रतियों मे से एक को उसके कुटुंब के उसके साथ रहने वाले किसी व्यस्क पुरुष सदस्य के पास उस व्यक्ति के लिए छोड़ कर की जा सकती है? | धारा 66 | धारा 65 | धारा 64 | धारा 63 |

| Sn | Ques | ot1 | ot2 | ot3 | ot4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 71 | Under which Section of the Code of Criminal Procedure 1973, a Chief Judicial Magistrate may offer taking cognizance of an offence, make over the case for trial to any competent magistrate subordinate to him? | Section 190 | Section 191 | Section 192 | Section 193 |
| 71 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अधीन एक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपराध का संज्ञान करने के पश्चात् मामले को विचारण के लिए अपने अधीनस्थ किसी सक्षम मजिस्ट्रेट के हवाले कर सकता है? | धारा 190 | धारा 191 | धारा 192 | धारा 193 |
| 72 | As per which section of the Code of Criminal Procedure 1973, an offence of kidnapping of a person may be tried by a Court within whose legal jurisdiction the person was kidnapped or was connived or concealed or detained? | Section 181 (2) | Section 181 (3) | Section 181 (4) | Section 181 (5) |
| 72 | दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, की किस धारा के अनुसार एक व्यक्ति के व्यपहरण के अपराध का विचारण ऐसे एक न्यायालय द्वारा किया जा सकता है जिसकी स्थानीय अधिकारिता के अन्दर वह व्यक्ति व्यपहृत किया गया या ले जाया गया या छिपाया गया या निरुद्ध किया गया है? | धारा 181 (2) | धारा 181 (3) | धारा 181 (4) | धारा 181 (5) |
| 73 | Under which section of the Code of Criminal Procedure 1973, a High Court or a Court of sessions may direct that any condition imposed by a magistrate when releasing any person on bail be set aside or modified? | Section 438 | Section 439 | Section 440 | Section 441 |
